एनआईआरएफ में छत्तीसगढ़ के संस्थानों का बुरा हाल

# टॉप 100 में राज्य का कोई भी यूनिवर्सिटी और कॉलेज नहीं

## रविवि की रैंकिंग 151 से 200 के बीच, कृषि विवि, संगीत विवि को भी कोई रैंक नहीं

नवभारत ब्यूरो। रायपुर।

सोमवार को नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) जारी की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के राजकीय संस्थानों की एक बार फिर से दुर्दशा दिखी। ओवरऑल, यूनिवर्सिटी और कॉलेज कैटेगरी के टॉप 100 की बात तो दूर शीर्ष 150 में कोई राजकीय संस्थान नहीं है। रविवि की रैंकिंग पिछले वर्षों की तरह ही 151 से 200 के बीच की रैंक में हैं। टॉप 200 में राज्य के कोई कॉलेज नहीं हैं।

आईआईएम की 11वां रैंक के साथ रैंकिंग बढ़ी है तथा एनआईटी रायपुर की रैंक गिरी। 65वीं रैंक से एनआईटी फिसलकर 70 में पहुंच गया है। वहीं एम्स रायपुर ने रैंक में सुधार किया है। एम्स का रैंक 49 से सुधरकर 39 हो गया है। लॉ, रिसर्च, ऑर्किटेक्चर, एग्रीकल्चर, डेंटल और इनोवेशन कैटेगरी में राज्य का कोई संस्थान नहीं है। >> शेष पेज 7 पर

**Navbharat, 6th june 2023,p. 11**